विभाग का नाम : खाद्य, सम्भरण एवं उपभोक्ता कार्य कलाप विभाग आपूर्ति
विभाग का पता : के–ब्लॉक, विकास भवन, नई दिल्ली.

अतारांकित प्रश्न संख्या– 126
दिनांक : 30 जुलाई, 2021
प्रश्नकर्ता का नाम : श्री अजय महावर

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर
क)	पिछले सात सालों में सरकार द्वारा दिल्ली में कितने नए राशन कार्ड बनाए गए और कितने आवेदन लम्बित पड़े हुए हैं;	दिल्ली में पिछले सात सालों में (01.04.2014 से 31.03.2021 तक) 17,86,167 नए राशन कार्ड बनाए गए तथा दिनांक 25.07.2021 तक 2,09,874 आवेदन लम्बित है ।
ख)	सरकार द्वारा कितना राशन गैर राशन कार्ड–धारकों के लिए खरीदा गया था और उसमें से कितना बांटा, कितना सड़ गया और सड़े माल का निस्तारण कैसे किया गया;	वर्ष 2020 मे कुल 2,55,28,492 किलोग्राम गेंहू और 64,07,164 किलोग्राम चावल खरीदा गया । इसमे से 2,52,61,391 किलोग्राम गेंहू और 63,63,118 किलोग्राम चावल गैर राशन कार्ड धारकों को बांट दिया गया । अवितरित 2,67,101 किलोग्राम गेंहू और 44,046 किलोग्राम चावल डी.एस.सी.एस.सी सिरस पुर गोदाम में स्थानंतरित कर दिया गया तथा इसके लिए विभाग स्तर पर एक समिति गठित की गयी है ताकि मानवीय उपभोग योग्य (Fit for Human Consumption) राशन को मानकों के आधार पर छांटकर Non-PDS 2021 के अन्तर्गत वितरित किया जा सके और न खाने लायक राशन का नियमानुसार निस्तारण किया जा सके।
ग)	वन नेशन वन राशन कार्ड दिल्ली में कितनी राशन दुकानों में लागू किया है गया; और	वन नेशन वन राशन कार्ड तथा E-PoS राशन सिस्टम दिल्ली में 1995 उचित दर दुकानों पर लागू कर दिया गया है ।
घ)	E-PoS राशन सिस्टम दिल्ली में कितनी सरकारी राशन दुकानों में लागू किया गया है?	उपरोक्त अनुसार ।

Secretary-Cum-Commissioner
Deptt. of Food,Supplies & Consumer Affairs
Govt. of N.C.T. of Delhi
K- Block, Vikas Bhawan, I. P. Estate
New Delhi- 110002